वेबसाइटः www.bankofbaroda.in ईमेल corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: **मुंबई** तारीख: **05.06.2023**

प्रेसविज्ञप्ति

अपने एटीएम पर यूपीआई का इस्तेमाल करके बैंक ऑफ बड़ौदा इंटरऑपरेबल कार्डलेस नकदी आहरण (आईसीसीडब्ल्यू) सुविधा प्रदान करने वाला पहला पीएसयू बैंक बना

सभी प्रतिभागी बैंकों के ग्राहक जो आईसीसीडब्ल्यू के लिए सक्षम यूपीआई ऐप का इस्तेमाल करते हैं, बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से पैसे निकाल सकते हैं

इससे स्किमिंग, कार्ड क्लोनिंग और कार्ड संबंधी अन्य धोखाधड़ी खत्म होगी

मुंबई, -- जून, 2023: भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा (बैंक) ने आज अपने एटीएम पर यूपीआई का इस्तेमाल करके इंटरऑपरेबल कार्डलेस नकदी आहरण (आईसीसीडब्ल्यू)) सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इस सेवा को शुरू करने वाले पहले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा के ग्राहकों के साथ-साथ अन्य प्रतिभागी जारीकर्ता बैंकों के ग्राहक जो BHIM यूपीआई, बॉब वर्ल्ड यूपीआई या आईसीसीडब्ल्यू के लिए सक्षम किसी अन्य यूपीआई एप्लिकेशन का इस्तेमाल अपने मोबाइल फोन पर करते हैं, बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम पर अपने डेबिट कार्ड का इस्तेमाल किए बिना बैंक से पैसे निकाल सकते हैं ।

बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में 'यूपीआई नकदी आहरण' के विकल्प का चयन करने पर, ग्राहक को आहरण राशि दर्ज करनी होगी, जिसके बाद एटीएम स्क्रीन पर एक क्यूआर कोड दिखाई देगा। ग्राहक आईसीसीडब्ल्यू के लिए सक्षम यूपीआई ऐप का उपयोग करके क्यूआर कोड को स्कैन करेगा और फिर एटीएम से नकदी निकालने के लिए मोबाइल फोन पर अपने यूपीआई पिन के साथ लेनदेन को अधिकृत करेगा। यदि कई बैंक खाते एक ही यूपीआई आईडी से जुड़े हैं, तो आईसीसीडब्ल्यू कार्यक्षमता ग्राहकों को डेबिट किए जाने वाले खाते का चयन करने का भी विकल्प प्रदान करती है।

आईसीसीडब्ल्यू सुविधा के कुछ मुख्य लाभ यह हैं कि इससे स्किमिंग, क्लोनिंग और कार्ड से संबंधित अन्य धोखाधड़ी को खत्म किया जा सकता है। यह जोखिम को कम करने के लिए प्रत्येक लेनदेन के लिए एकल उपयोग (हस्ताक्षरित) डायनामिक क्यूआर कोड भी जनरेट करता है। इसके अलावा, ग्राहकों को अलग-अलग खातों से पैसे निकालने के लिए कई कार्ड ले जाने की जरुरत नहीं है क्योंकि आईसीसीडब्ल्यू यूपीआई से जुड़े विभिन्न खातों से नकद निकासी की अनुमति प्रदान करता है। ऐसे ग्राहक जिनकी केवाईसी पूरी हो चुकी है और अभी तक भौतिक कार्ड जारी नहीं किया गया है, वे इस सेवा का फायदा उठा सकते हैं।

लॉन्च के मौके पर **बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री जॉयदीप दत्ता रॉय** ने बताया कि "हमें इंटरऑपरेबल कार्डलेस नकदी आहरण (आईसीसीडब्ल्यू) की शुरुआत करते हुए खुशी हो रही है - इस सेवा को हमारे 5,393 एटीएम में सक्षम किया गया है और इन्हें ग्राहकों के लिए नकदी निकासी को परेशानी मुक्त और सुविधाजनक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यूपीआई की लोकप्रियता और बैंकों में इंटरऑपरेबल सुविधा को देखते हुए, आईसीसीडब्ल्यू में नई पीढ़ी के ग्राहकों के लिए नकदी निकासी के तरीके में क्रांति लाने की क्षमता है।"

इस मौके पर बोलते हुए **बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य डिजिटल अधिकारी श्री अखिल हांडा** ने बताया कि "डिजिटल-फर्स्ट बैंक के रूप में, हमारा मकसद बैंकिंग उद्योग में व्यापक डिजिटल क्रांति में सबसे आगे रहना है, जिससे ग्राहक अनुभव और प्रक्रिया में सुविधा को बढाया जा सके। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा पेश की जा रही नई आईसीसीडब्ल्यू सुविधा ग्राहकों को भौतिक कार्ड के उपयोग के बिना पैसे निकालने की स्वतंत्रता प्रदान करती है जो पैसे निकालने का एक सरल, सुविधाजनक और सुरक्षित तरीका है।"

ग्राहक 5000 रुपये प्रति लेनदेन की निकासी सीमा के साथ प्रति खाता एक दिन में दो लेनदेन कर सकते हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को महाराजा सर सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 17 देशों में फैले 46,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित उपलब्ध करा रहा है। बैंक का बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com

परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | snehaj@perfectrelations.com